**कार्रवाई** तुईयापानी और चिरईडोंगरी की कॉलोनियां अवैध घोषित, तीन से सात साल की कैद का प्रावधान

# नैनपुर में अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई, पिंडरई में जेसीबी से ध्वस्त हुआ लेआउट



**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** पिंडरई में कृषि भूमि पर बनाए गए रास्ते और अवैध प्लाटिंग लेआउट को जेसीबी से हटवाया गया। तुईयापानी और चिरईडोंगरी में प्रकरण दर्ज कर अवैध कॉलोनी घोषित कर कानूनी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में नैनपुर अनुविभाग में अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। ग्राम पिंडरई में खसरा क्रमांक 311/1 कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग, बिना अनुमति लेआउट निर्माण और अनधिकृत रास्तों को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। जानकारी अनुसार मंडला जिले के नैनपुर अनुविभाग में प्रशासन ने अवैध प्लॉटिंग कॉलोनी करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान एक अवैध कॉलोनी के लेआउट को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया, जबकि दो अन्य कॉलोनियों को अवैध घोषित कर कानूनी कार्यवाही शुरू की गई है। एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर के निर्देश पर ग्राम पिंडरई में एक कृषि भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि कॉलोनाइजर रजिस्ट्रेशन, टीएनसीपी अनुमति और स्वीकृत नक्शे के बिना ही यहाँ सड़कें बना दी गई थीं और अस्थाई झोपड़ियां खड़ी कर विज्ञापन के जरिए प्लॉट बेचने की तैयारी थी। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर इस पूरे अवैध लेआउट को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया।

### अवैध कॉलोनाइजरों पर जारी रहेगी कार्रवाई

बताया गया कि अवैध प्लॉटिंग एवं अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण लोगों को आर्थिक नुकसान पहुँचाते हैं और भविष्य में गंभीर अव्यवस्थाएँ पैदा करते हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि प्लॉट खरीदते समय कॉलोनी के टी एण्ड सीपी अनुमोदन, कॉलोनाइजर रजिस्ट्रेशन और स्वीकृत अप्रूव्ड लेआउट, डायवर्सन अवश्य देखें जिससे भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने बताया कि अवैध कॉलोनी का निर्माण एक दंडनीय अपराध है। अवैध कॉलोनाइजरों को 3 से 7 वर्ष तक की कैद और अवैध प्लॉट खरीदने वाले को भी 6 माह तक की कैद का प्रावधान है।

### दो अन्य कॉलोनियां अवैध घोषित


बताया गया कि तुईयापानी के खसरा क्रमांक 256, 267, 268 में अवैध कॉलोनी विकसित करने की शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में मामला दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान कॉलोनाइजर आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके आधार पर न्यायालय ने इस भूमि को अवैध कॉलोनी घोषित करते हुए तहसीलदार नैनपुर को कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह चिरईडोंगरी खसरा क्रमांक 39/1/1 में भी अवैध प्लॉटिंग की पुष्टि हुई। भूमिस्वामी नोटिस के बावजूद वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया, जिसके बाद न्यायालय ने इस कॉलोनी को भी अवैध घोषित कर तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया।



# कान्हा टाइगर रिजर्व में दुर्लभ नजारा, पर्यटकों ने देखे 8 बाघ

सरही जोन में दो बाघिनें अपने छह शावकों के साथ आईं सामने

वन्यजीव विशेषज्ञ भी हैरान



**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** कान्हा टाइगर रिजर्व में रविवार सुबह की सफारी पर्यटकों के लिए यादगार और विशेष बन गई। रिजर्व के सरही जोन में सफारी शुरू होने के मात्र 10 मिनट बाद ही अमाही क्षेत्र में पर्यटकों को एक अत्यंत दुर्लभ दृश्य देखने को मिला, जब दो मादा बाघिनें अपने छह शावकों के साथ एक ही जगह पर मौजूद थीं।

बताया गया कि पर्यटकों को सबसे पहले पहली बाघिन अमाही टाइग्रेस अपने चार शावकों के साथ सड़क किनारे दिखाई दी। इससे पर्यटक उत्साहित ही हो रहे थे कि कुछ ही देर बाद पास ही एक अन्य बाघिन भी अपने दो शावकों के साथ नजर आई। इस प्रकार पर्यटकों ने एक ही स्थान पर दो बाघिनें और उनके छह शावकों को देखा। अनुमान है कि इन सभी छह शावकों की उम्र 8 से 10 माह के बीच है।

### अत्यंत दुर्लभ दृश्य देख रोमांचित हुए पर्यटक

वन्यजीव विशेषज्ञों ने एक साथ दो बाघिन के साथ छह शावकों को देखना अत्यंत दुर्लभ बताया है। विशेषज्ञों के अनुसार मादा बाघिनें अपने शावकों की सुरक्षा के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती हैं और सामान्यतः अन्य बाघों या बाघिनों से दूरी बनाए रखती हैं। ऐसे में दो बाघिनों का अपने-अपने शावकों के साथ इतने नजदीक आना, असामान्य और अद्भुत माना जा रहा है। बताया गया कि एक साथ इतने सारे बाघों को देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे। उन्होंने तुरंत अपने कैमरों में इस अविस्मरणीय पल को कैद कर लिया। इन दृश्यों के वीडियो और तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे कान्हा टाइगर रिजर्व की प्रसिद्धि और बढ़ गई है।



# एनएच-30 पर अनियंत्रित ट्रक का कोहराम, तीन की मौत

## मृतकों में ढाबा संचालक और एक बालक शामिल, अहमदपुर चौराहा के पास देर रात भीषण हादसा



**अंजनिया 07 दिसंबर नभाप्र.** मंडला रायपुर नेशनल हाईवे 30 पर चौकी अंजनिया क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर चौराहा के पास देर रात लगभग 01 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। अनियंत्रित ट्रक रायपुर से सरिया लेकर जबलपुर की तरफ जा रहा था, इसी दौरान यह सड़क हादसा हो गया।

जानकारी अनुसार मंडला बिछिया मार्ग में अंजनिया अहमदपुर चौराहा एक्सीडेंटल जोन बन गया है। इस दुर्घटना से संभावित क्षेत्र में आए दिन सड़क हादसे हो रहे है। शनिवार और रविवार की रात एक्सीडेंटल जोन के समीप मटर से लोडेड एक पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान रायपुर की ओर से जबलपुर जा रहे सरिया से लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने इस पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर अहमदपुर रोड संचालित महिष्मती ढाबा संचालक को भी टक्कर मारी और ट्रक पलट गया। बताया गया कि ढाबा संचालक पिकअप वाहन के पास ही खड़े थे।

### ट्रक चालक फरार

दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। अंजनिया पुलिस ने बताया कि ट्रक राजगढ़ का और पिकअप वाहन जबलपुर की बताई जा रही है। अंजनिया चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को अपने कब्जे में ले कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में गमगीन का माहौल बना हुआ है।

### हादसे में तीन लोगों की मौत, घंटों चला रेस्क्यू

अहमदपुर चौराहे के पास इस भीषण हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में महिष्मती ढाबा संचालक शीतल गुप्ता निवासी अंजनिया पिकअप वाहन के समीप खड़े थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक बालक की भी मौत हो गई, जो ट्रक में सवार था, जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। इसके साथ ही एक पिकअप हेल्पर भी इस हादसे का शिकार हो गए। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया गया कि इस दर्दनाक हादसे में मौके पर तीन लोगों की मौत हुई। पलट हुए ट्रक के नीचे फंसे बालक और पिकअप हेल्पर के शवों को क्षत-विक्षत हालत में घंटों चले रेस्क्यू के बाद बाहर निकाला जा सका। जिसकी पहचान करना मुश्किल हो गया। वहीं हादसे में ट्रक क्लीनर भी गंभीर घायल हो गया। घायल क्लीनर को अंजनिया स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।





## एनसीसी कैडेट्स ने मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** उत्कृष्ट विद्यालय मंडला के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस देशभक्तिपूर्ण माहौल में मनाया। आयोजन 1 एमपी आर्टिलरी रेजिमेंट एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रांत त्यागी के निर्देशन में संपन्न हुआ। सशस्त्र बलों के बलिदान को याद करने और उनके परिवारों के कल्याण के लिए जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने ध्वजारोहण किया और देश की रक्षा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैडेट्स ने पूर्ण अनुशासन के साथ एक भव्य मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया, जो भारतीय सेना के प्रति उनके सम्मान और अनुशासन की भावना को दर्शाता है।

# बिछिया के जंगल में बाघ का हमला, 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत

## कटंगा रैयत निवासी पंचम धुर्वे का क्षत-विक्षत शव मिला, ग्रामीणों ने 1 करोड़ मुआवजे की मांग

**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** मंडला जिले के बिछिया सामान्य वन मंडल क्षेत्र में बाघ के हमले से एक 56 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक अपनी मवेशियों को चराने जंगल गया था, जिसके दो दिन बाद उसका क्षत-विक्षत शव जंगल में मिला। कटंगा रैयत निवासी पंचम धुर्वे विगत 5 दिसंबर को अपनी मवेशियों को लेकर घर के पास लगे जंगल में गए थे। जब शाम को वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने बिछिया थाने में गुमशुदगी की सूचना दी।

जानकारी अनुसार रविवार को कुछ ग्रामीणों ने गांव में सूचना दी कि उन्होंने जंगल में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव देखा है। तत्काल इसकी जानकारी वन विभाग और पुलिस विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव स्थल पर जाकर शिनाख्त की। परिजनों ने शव की पहचान पंचम धुर्वे के रूप में की। दोनों विभागों के द्वारा विधिवत कार्रवाई पूरी की गई, और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### ग्रामीणों ने की मांग

इस घटना के बाद घटनास्थल पर मौजूद ग्रामवासियों ने वन विभाग के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए और अपनी सुरक्षा को लेकर कुछ मांगें रखीं। ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहां कि जंगल की ओर फेंसिंग की ऊँचाई बढ़ाई जाए। बारामासी की सफाई विधिवत तरीके से नियमित रूप से करवाई जाए। मृतक के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग वन्यजीवों के मूवमेंट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करे और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए।



# सांसद के साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारी ने भी लिया नारायणगंज की शालाओं को गोद

मेरा विद्यालय सुंदर विद्यालय कार्यक्रम को प्रोत्साहन

क्षेत्र के मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना

**नारायणगंज 07 दिसंबर नभाप्र.** गत दिवस बबलिया में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आए मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी डीके सिंगौर के आग्रह पर माध्यमिक शाला बबलिया को गोद लेने का आग्रह स्वीकार कर लिया है। सांसद के इस कदम से नारायणगंज विकासखंड में चल रहे नवाचारी कार्यक्रम मेरा विद्यालय सुंदर विद्यालय को बड़ा प्रोत्साहन मिला है।

बताया गया कि नारायणगंज विकासखंड में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में मेरा विद्यालय सुंदर विद्यालय नवाचार पर कार्य किया जा रहा है। इस पहल के तहत विद्यालयों की लगातार रेटिंग की जा रही है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों के सौंदर्यीकरण, विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन और विद्यालय में उत्कृष्ट पठन-पाठन का माहौल तैयार करना है। शिक्षक अपने विद्यालयों को तीन महीने में ए ग्रेड में लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को बल देने और चुनौती वाले विद्यालयों को सुसज्जित करने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को गोद लेने की मुहिम चलाई जा रही है।




### बबलिया को मॉडल स्कूल बनाने की योजना

माध्यमिक शाला बबलिया को गोद लिए जाने के बाद इसे क्षेत्र के मॉडल विद्यालय के रूप में तैयार करने की योजना है। यह विद्यालय क्षेत्र का केंद्र बिंदु है, जहाँ शिक्षकों की बैठकें भी आयोजित होती हैं। इसे मॉडल बनाने का उद्देश्य है कि क्षेत्र के अन्य शिक्षक भी इस विद्यालय से प्रेरणा ले सकें।

### जनप्रतिनिधि और सीईओ ने लिया शाला को गोद

शालाओं को गोद लेने की इस मुहिम में अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई है। जिसमें जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया ने माध्यमिक शाला फड़की माल, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा ने माध्यमिक शाला पटेहरा और माध्यमिक शाला चंदेहरा, जनपद सदस्य सुंदर लाल उर्वेती ने माध्यमिक शाला डोभी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीप्ति यादव ने माध्यमिक शाला शाहा, प्राचार्य, एकलव्य विद्यालय मनोज कुमार ने प्राथमिक शाला कोंडरावन को गोद लिया है। गोद लिए गए विद्यालयों के शिक्षक अब विद्यालय का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर रहे हैं। इसके बाद गोद लेने वाले जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की विजिट होगी और विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

# घुघरी नाला में जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान कार्यक्रम

## निवास विकासखंड के ग्राम जवेधा में जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने किया सामूहिक श्रमदान

**निवास 07 दिसंबर नभाप्र.** निवास विकासखंड के ग्राम जवेधा मॉल में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जल संचयन क्षमता में वृद्धि करना और जनसामान्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार और विकासखंड समन्वयक सूरज बर्मन के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था आदिवासी जन कल्याण विकास संस्थान निवास के तत्वावधान में ग्राम के घुघरी नाला में संपन्न हुआ।




कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए जल स्त्रोत की सफाई की, गाद निकाली और नाले के तटक्षेत्र को स्वच्छ बनाया। इसके बाद बोरी बंधान की प्रक्रिया के माध्यम से नाला में जलधारण क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य किया गया। बोरी बंधान करके नाला के बहते जल को रोकने और जल बचाने का संदेश दिया गया। इस सराहनीय प्रयास में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ नवांकुर संस्था से उमा गणेश लोधी, अतुल रजक, शिवराज पटेल, सुरेंद्र अहिरवार और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवाओं और छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जल चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित समुदाय को जल संरक्षण की आवश्यकता, वर्षा जल संग्रहण की उपयोगिता और भविष्य के जल संकट के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने जल है तो जीवन है की शपथ ग्रहण की। यह सामुदायिक सहभागिता पर आधारित अभियान सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से आयुर्वेदिक दवा विक्रेता की मौत

## महाराजपुर के खुर्सीपार गांव के पास हुआ हादसा, मृतक यूपी के बिजनौर निवासी

**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुर्सीपार गांव के पास सड़क पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार आयुर्वेदिक दवा बेचने का काम करता था और अलसुबह किसी काम से कहीं जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर महाराजपुर पुलिस मौके पर पहुँची और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।





जानकारी अनुसार महाराजपुर पुलिस द्वारा की गई जांच में मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के ग्राम हल्दौर निवासी 60 वर्षीय प्रतपाल सिंह टांक के रूप में की गई है।

स्थानीय नागरिक जगविंदर सिंह गुजराल ने बताया कि प्रतपाल सिंह लगभग एक माह पहले अपने बेटे हरदीप सिंह, बहू और भतीजे के साथ मंडला आए थे। वे यहाँ एक धर्मशाला में रुककर जिले के विभिन्न गांवों में घूमकर आयुर्वेदिक दवाएं बेचने का काम कर रहे थे। बताया गया कि रविवार सुबह प्रतपाल सिंह अपनी बाइक से दवाएं बेचने के लिए निकले थे। खुर्सीपार गांव के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 वाहन मौके पर पहुंचा और शव को जिला अस्पताल लाया गया। आवश्यक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान मंडला में आयोजित

## कर्नल उमेश वर्मा ने पंजाब की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी




**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** आम आदमी पार्टी के मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के सिलसिले में रविवार को गोंडी पब्लिक ट्रस्ट सभागार मंडला में एक सभा का आयोजन किया गया। सभा का मुख्य आतिथ्य पार्टी की प्रदेश संगठन निर्माण कोर कमेटी सदस्य एवं रिटायर्ड एलाइड आईएएस कर्नल उमेश वर्मा ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष पीडी खैरवार ने बताया कि कर्नल वर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए दिल्ली में 10 वर्षों और पंजाब में चल रही वर्तमान आप सरकार की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पानी और रोजगार जैसी जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इन राज्यों के तीव्र विकास की तुलना अन्य राज्यों के कछुआ चाल विकास से करते हुए अंतर समझने की अपील की।

वरिष्ठ समाजसेवी अनूप मिश्रा, पूर्व जिला सचिव चंद्रगुप्त नामदेव और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष डीडी कुमरे ने भी सभा को संबोधित किया और सामाजिक न्याय व भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक होने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि को जिले की बदहाल शिक्षा, स्वास्थ्य, नल-जल योजनाओं की विफलता, पलायन, रेलवे सुविधाओं की कमी, और बढ़ते अतिक्रमण जैसी दर्जनों छोटी-बड़ी समस्याओं से संबंधित पत्र भी सौंपा गया। सभा के अंत में समाज और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडला में खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय भोपाल के तत्वावधान में दो दिवसीय लोक शिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. टीपी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोग की ओर से सहायक निदेशक सुरेन्द्र पाल, सुशील भगत और अनिल तिल्गम ने विद्यार्थियों को आयोग द्वारा संचालित स्वरोजगार और जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई और पॉटरी का लाइव डेमो भी किया गया।

**समझाईश** मैरिज गार्डनों में सीसीटीवी और प्रशिक्षित गार्ड अनिवार्य, ध्वनि प्रदूषण पर नकेल कसने के निर्देश

# मंडला पुलिस ने मैरिज गार्डन और डीजे संचालकों को दी कड़ी चेतावनी




**मंडला 07 दिसंबर नभाप्र.** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से मंडला पुलिस ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशानुसार पुलिस कंट्रोल रूम में तहसीलदार पुष्पेंद्र पंद्रो और थाना कोतवाली प्रभारी शफीक खान की उपस्थिति में शहर के सभी मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उचित पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित करें और कार्यक्रम स्थल पर वालंटियरों की नियुक्ति करें। इसके साथ ही बारात निकालते समय सड़क जाम न हो, इसके लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### चोरी की घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा अनिवार्य

शहर में हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। मैरिज गार्डन एवं हॉल संचालकों के लिए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा प्रशिक्षित गार्ड की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। साथ ही कीमती वस्तुओं को रखने के लिए सुरक्षित स्थान की व्यवस्था करना भी अनिवार्य होगा।

### ध्वनि प्रदूषण और नियम तोड़ने पर होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में ध्वनि प्रदूषण को लेकर भी कड़े निर्देश दिए गए। डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित मापदंडों के भीतर ही किया जाए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि इन नियमों का उल्लंघन पाया गया, खासकर सड़क जाम करने वाली बारात पर, तो संबंधित मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मंडला शहर के सभी मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालक उपस्थित रहे, जिन्होंने निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।